# यूपी नई पहचान के साथ उभर रहा: गोपाल नंदी

■ एसोचैम की ओर से ग्रीन एनर्जी व सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव का आयोजन

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि यूपी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ग्रीन एनर्जी एवं पर्यावरण-अनुकूल औद्योगिक विकास की दिशा में अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार नई सोलर नीति के माध्यम से निवेश को प्रोत्साहन दे रही है, जिससे प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र सशक्त हो रहा है। यूपी ग्रीन एनर्जी प्रमोशन की दिशा में प्रभावी ढंग से आगे बढ़ रहा है।

शुक्रवार को होटल सेंट्रम लखनऊ में एसोचैम द्वारा आयोजित 5वें ग्रीन एनर्जी एण्ड सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव में नन्दी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार कदम कदम पर सहयोग और हैण्ड होल्डिंग सपोर्ट के लिए तत्पर है। उत्तर प्रदेश नई पहचान और नए परसेप्शन के साथ राष्ट्रीय फलक पर उभरा है। नंदी ने कहा कि 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश की कल्पना कीजिये! सपा-बसपा-कांग्रेस की सरकारों में परिवारवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार और माफियाओं ने प्रदेश की तरक्की को ग्रहण लगा दिया था! इस मौके पर सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव नरेंद्र भूषण, प्रमुख सचिव कौशल विकास डॉ. हरिओम, को चेयरमैन एसोचैम हसन याकूब, फाउंडर बाल्टिक वरुण चतुर्वेदी, दीपांकर एवं अन्य मौजूद रहे।